संख्याः-1005/एक-10-2023-33(2)/2021

प्रेषक,

राम केवल,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 12 जुलाई, 2023

विषयः- राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की सहभागिता में वित्तीय वर्ष 2023-24 में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत पूर्व तैयारी हेतु जनपदों में मॉक एक्सरसाइज कराने के लिये धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 281 रा0आ0प्र0प्रा0/फ0व0 एंड ई0सी0/2023-24, दिनांक 27 जून, 2023 एवं 324 रा0आ0प्र0प्रा0/2023-24, दिनांक 07 जुलाई, 2023, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सम्भवित बाढ़ के दृष्टिगत मॉक एक्सरसाइज कराने हेतु धनराशि रू0 41,00,000/- (रू0 इकतालीस लाख मात्र) की धनराशि की मांग की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उपरोक्त पत्र दिनांक 27 जून,2023 एवं 07 जुलाई, 2023 पर सम्यक विचारोंपरान्त संभावित बाढ़ के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष वर्ष 2023-24 में पूर्व तैयारी हेतु जनपदों में मॉक एक्सरसाइज कराने के लिये निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन रू0 41,00,000/-(रूपये इकतालीस लाख मात्र) की धनराशि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, लखनऊ के निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों

(1) जिस मद में शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा। अन्य किसी भी मद/विभागीय कार्य हेतु धनराशि का व्यय कदापि न किया जाये।

(2) राज्य आपदा मोचक निधि की धनराशि का व्यय सक्षम अधिकारी द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त नियमानुसार प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित अवधि के अन्दर किया जायेगा।

(3) राज्य आपदा मोचक निधि से स्वीकृत धनराशि का समुचित लेखा-जोखा रखा जाये तथा व्यय का विवरण निर्धारित प्रारूप पर राहत आयुक्त की वेबसाइट https://rahat.up.nic.in पर फीड़ करवाना सुनिश्चित किया जाय।

(4) राज्य आपदा मोचक निधि से स्वीकृत धनराशियों के उपभोग/समर्पण के संबंध में शासनादेश सं0-2/1-11-2013-रा0-11, दिनांक 04.03.2013 का अनुपालन किया जायेगा। शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि में से यदि कोई बचत/अवशेष की स्थिति बनती है तो उसे वित्तीय वर्ष के समापन/दिनांक 31 मार्च, 2024 से पूर्व शासन को नियमानुसार समर्पित कर दिया जाये।

(5) उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-369-एच के अधीन निर्धारित प्रारूप सं0-42 आई में शासन को उपलबब्ध कराया जाये।

(6) व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 41,00,000/- (रूपये इकतालीस लाख मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2245-05-800-06-11-स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से सामान्य व्यय-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राम केवल)
विशेष सचिव।

संख्या-1005(1)/एक-10-2023-33(2)/2021 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
3- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त संगठन, उ0प्र0।
4- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- सम्बन्धित जिलाधिकारी, उ0प्र0।
6- वित नियंत्रक, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण, लखनऊ।
7- सम्बन्धित जनपदों के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
9- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
10- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी)
अनु सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2023-2024
आवंटन दिनांक-13/07/2023

प्रेषण संख्या:- 1005
आवंटन आदेश संख्या:- 001-1005
अनुदान संख्या:- 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आवंटन)
लेखाशीर्षक:- 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
11 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		42-अन्य व्यय	योग
1	जवाहर भवन, लखनऊ-6019-up state disaster management authority , lucknow-01-a	वर्तमान	4100000	4100000
		प्रगामी	191629670	191629670
	योग	वर्तमान	4100000	4100000
		प्रगामी	191629670	191629670

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया इक्तालीस लाख
महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया उनीस करोड़ सोलह लाख उन्तीस हजार छ: सौ सत्तर

(अखिलेश प्रताप सिंह)
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी

Digitally signed by akhilesh pratap singh
Reason: Allotment Completed
Location: Uttar Pradesh
Date: 2023.07.13 10:30:12 +05:30